सार-समाचार

मिड-डे-मील का औचक निरीक्षण

मकराना, (निसं.)। मिड डे मील आयुक्त के निर्देशानुसार गुरूवार को शहर के बाग मोहल्ला स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में राउमावि मनाना के व्याख्याता महावीर सिंह ने मिड डे मील का औचक निरीक्षण किया तथा मिड डे मील की व्यवस्थाओं के प्रति सन्तोष प्रकट किया। प्रधानाध्यापक मांगीलाल नेत्रा ने बताया कि पौषाहार प्रभारी कविता चौधरी ने सर्वप्रथम विद्यार्थियों को साबुन व पानी से हाथ धुलवाए, इसके बाद विद्यार्थियों को पंक्तिबद्ध बैठाकर भोजन मंत्र के उच्चारण के साथ केसरीदेवी व मंजूदेवी द्वारा गुरूवार के मेन्यू के अनुसार तैयार स्वादिष्ट नमकीन खिचड़ी विद्यार्थियों को खिलायी गई। निरीक्षण अधिकारी महावीर सिंह ने खाद्य सामग्री की गुणवत्ता तथा व्यवस्थाओं की जांच की तथा खिचड़ी का स्वाद चखकर खाने की गुणवत्ता व व्यवस्थाओं के प्रति सन्तोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान हाथ धोने का साबुन, नलयुक्त पानी की टंकी, पीने के पानी सहित रसोई में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित पायी गई। इस अवसर पर मोहल्ले के समाजसेवी हनुमान प्रसाद पिपरालिया सहित बीएड की छात्राध्यापिकाएं नेहा गौड़, संगीता बुरडक़, गजेन्द्र प्रजापत तथा पिन्टू गिंवारिया आदि ने बच्चों को मिड डे मील परोसने में सहयोग किया।

दो दिन नहीं मिलेगा पानी

भीलवाड़ा, (निसं.)। चम्बल-भीलवाडा पेयजल परियोजना के अंतर्गत फेज-1 पैकेज-2 के तहत किये जा रहे संचालन एवं संधारण कार्य में, वार्षिक संधारण हेतु आरोली डब्ल्युटीपी सहित 1400/1300/1200 एम.एम.एस ट्रान्समिसन मेन में 48 घंटे के शटडाउन की आवश्यकता है, जिसमें आरोली डब्ल्युटीपी में स्थित 22.50 एमएलडी क्षमता के सी.डब्ल्यू आर की सफाई, फिल्टर प्लांट की मेन चेनल की सफाई व त्रिवेणी ऑफटेक के लिंकेज मेनटेनेन्स सहित अन्य संधारण संबंधी कार्य करवाये जाने है, जिसके लिए 3 अप्रैल प्रातः 6 बजे से 5 अप्रैल प्रातः 6 बजे तक 48 घंटे, दो दिन का शटडाउन रहेगा जिसके कारण भीलवाड़ा शहर सहित समस्त भीलवाड़ा एवं शाहपुरा जिले में चम्बल पेयजल से होने वाली पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी। जनस्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग परियोजना खंड प्रथम के अधिशाषी अभियंता रजनीश बैरवा ने भीलवाड़ा शहर सहित समस्त जिले वासियों से अनुरोध किया है कि शटडाउन पूर्व पेयजल का समुचित भंडारण सुनिश्चित कर लेवे तथा पेयजल मितव्ययता से खर्च करे।

परीक्षा देने आई नाबालिग लापता

अजमेर, (कासं)। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के घूघरा स्थित सरकारी स्कूल में नसीराबाद से अपने चाचा के साथ परीक्षा देने अजमेर आई एक नाबालिग छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। पीडित् मां ने सिविल लाइन थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है, पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। नसीराबाद निवासी पीडित् मां ने सिविल लाइन थाने में छात्रा के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में पीडित् मां ने पुलिस को बताया कि उनकी 16 वर्षी नाबालिग बेटी अपने चाचा के साथ अजमेर के घूघरा स्थित सरकारी स्कूल में परीक्षा देने के लिए आई थी। चाचा ने बेटी को गणेशजी के मंदिर भोपा का बाडा के पास बैठा कर के कुछ काम के लिए गए थे। थोड़ी देर बाद आए तो वह वहां नहीं मिली। उसे घूघरा गांव सरकारी स्कूल में जाना था,लेकिन वहां भी नही पंहुची। आस पास रिश्तेदारी में सभी जगह मालूम किया, लेकिन कोई पता नही चला। छात्रा स्कूली की ड्रेस पहने हुए है, उसके पास कोई फोन नहीं था। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की

नागौर, (निसं.)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के रिटर्निंग अधिकारी अरुण कुमार पुरोहित के निर्देशन में गुरुवार को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई। संवीक्षा के बाद कुल 10 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन -पत्र विधिमान्य पाए गए। रिटर्निंग अधिकारी (कलक्टर) अरुण कुमार पुरोहित ने बताया कि संवीक्षा के बाद बहुजन समाज पार्टी के डॉ गजेंद्र सिंह राठौड़, भारतीय जनता पार्टी के ज्योति मिर्धा, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल, अभिनव राजस्थान पार्टी के डॉ अशोक चौधरी, राष्ट्रीय जनशक्ति पार्टी (सेकुलर) के हनुमान सिंह कालवी ,निर्दलीय उम्मीदवारों के रूप में अमीन खान, प्रेमराज खारड़िया, भंवर सिंह राजोद, राजकुमार जाट एवं हरिराम के नाम निर्देशन-पत्र विधिमान्य पाए गए।

आग से खाखला व चारा जला

शाहपुरा, (निसं.)। क्षेत्र के भीलवाड़ा रोड सोपुरा चोराहे फर्सी फेक्ट्री के पास लादु बिरम गुर्जर के खेत पर अज्ञात कारण के चलते आग लग गई। आग से चार ट्रॉली चारा जलकर राख हो गया। कामधेनु सेना के जिला अध्यक्ष नारायण लाल कुमावत ने बताया की नगरपरिषद की फायर ब्रिगेड मेले में होने के कारण आधा घंटा लेट पहुंची जिससे पुरा चारा जलकर राख हो गया। इस मोके पर रंग लाल गुर्जर ,सत्तु नेकाडी , रामेश्वर गुर्जर आदी ग्रामीण पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया।

पर्यटन स्थलों पर निशुल्क रहेगा प्रवेश

नागौर, (निसं.)। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में 30 मार्च को ऐतिहासिक धरोहर एवं भारतीय सभ्यता व संस्कृति से रूबरू होने के लिए राजकीय संग्रहालय, अजमेर, राजकीय संग्रहालय, शाहपुरा एवं वृत्ताधीन समस्त स्मारकों को देशी-विदेशी पर्यटकों/ आमजन के प्रवेश के लिए निःशुल्क रखा गया है। पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग अजमेर के वृत अधीक्षक हेमेन्द्र कुमार अवस्थी ने बताया कि इस दिन आमजन निशुल्क प्रवेश लेकर ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करते हुए राजस्थानी संस्कृति से रूबरू होंगे।

प्रदेश की 25 सीटों पर फिर से खिलेगा कमलः डिप्टी सी.एम.

अजमेर, (कासं)। अजमेर लोकसभा संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार भागीरथ चौधरी के सिविल लाइंस अजमेर क्लब के पास बने चुनाव कार्यालय का गुरुवार को प्रातः 11 बजे समारोह पूर्वक उद्घाटन डिप्टी सीएम दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा ने किया।

- भाजपा प्रत्याशी चौधरी के चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

चुनाव कार्यालय उद्घाटन समारोह के अवसर पर डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने कहा कि देश में भाजपा को पिछली बार से ज्यादा सीट मिलेंगी। प्रदेश की 25 सीटों पर एक बार फिर कमल खिलेगा, भाजपा की जीत से डबल इंजन की सरकार बनेगी। डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार की ओर से करवाए गए विकास कार्य व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारन्टी पर लोगों को भरोसा है और यहीं कारण है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी। इस बार देश में भाजपा को चार सौ से भी ज्यादा सीटें मिलेंगी। अजमेर से भाजपा प्रत्याशी पिछली बार से भी ज्यादा मतों से जीतेंगे। इस अवसर पर प्रत्याशी भागीरथ चौधरी, जिलाध्यक्ष रमेश सोनी, मेयर ब्रजलता हाडा,, संभाग प्रभारी जितेंद्र गोठवाल, लोकसभा प्रभारी राकेश पाठक, भाजपा अजमेर देहात अध्यक्ष देवी शंकर भूतड़ा, नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद मौजूद रहे।

नामांकन दो अप्रैल कोः- भाजपा उम्मीदवार भागीरथ चौधरी दो अप्रैल को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। सीएम भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी सहित अन्य वरिष्ठ नेता आजाद पार्क में सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद चौधरी कलेक्ट्रेट में पर्चा दाखिल करने जाएंगे।

समारोह के दौरान मंच पर उपस्थित उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी व प्रेमचंद बेरवा सहित अन्य भाजपा के पदाधिकारी।

चुनाव अधिसूचना के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू

अजमेर, (कासं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए अजमेर में द्वितीय चरण के लिए गुरुवार को अधिसूचना जारी होने के साथ ही गुरुवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। नामांकन के दौरान कलक्ट्रेट व उसके बाहर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए है।

कलेक्ट्रेट के अंदर सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य खास इंतजाम किए गए हैं। अजमेर में कलक्ट्रेट के मुख्य गेट पर हथकड़ी लगी नजर आई। वैसे तो पुलिस किसी अपराधी को ही हथकड़ी लगाती है। लेकिनए नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से पहले कलक्ट्रेट के मुख्य गेट को पुलिस ने हथकड़ी लगाकर लॉक कियाए जो जिलेभर में चर्चा का विषय बना रहा। वहीं यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कुछ बदलाव किए गए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी डा.भारती दीक्षित ने बताया कि राजस्था में दूसरे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जो 4 अप्रैल तक जारी रहेगी। प्रत्याशी सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक पर्चा भर सकता है। दोपहर 3 बजे बाद कक्ष में किसी भी व्यक्ति को प्रवेश करने या दस्तावेज लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नामांकन भरने वाले प्रत्याशी के साथ 4 व्यक्ति ही रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। इतना ही नहीं, नामांकन भरने पहुंचे व्यक्ति के काफिले में केवल तीन वाहनों को ही आरओ कार्यालय के 100 मीटर के अंदर प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

मतदान 26 अप्रेल को होगा, 4 अप्रेल तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे, 5 अप्रेल को नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा 8 अप्रेल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतगणना 4 जून को होगी। बता दें कि अजमेर लोकसभा क्षेत्र में 19 लाख 86 हजार 966 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 10 लाख 10 हजार 862 पुरुष और 9 लाख 76 हजार 079 महिला वोटर्स शामिल हैं।

यातायात व्यवस्था में किया बदलाव यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कुछ बदलाव किए गए हैं। लोहाखान पुलिस लाइन की ओर से आने वाले सभी प्रकार के वाहन पुलिस लाइन पहला चौराहा से नया कोर्ट तिराहे होते हुए शहर ;बाजारद्ध की ओर आ सकेंगे, वैशाली नगर सावित्री चौराहा की तरह से आने वाले सभी प्रकार के वाहन अजमेर क्लब चौराहा से राजहंस वाटिका होते हुए जा सकेंगे। जयपुर रोड बस स्टैण्ड की तरफ से आने वाले सभी प्रकार के वाहन अम्बेडकर सर्किल से राजहंस वाटिका होते हुए जा सकेंगे।

निर्वाचन अधिकारियों ने चुनाव नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया

नागौर, (निसं.)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त केंद्रीय सामान्य पर्यवेक्षक(लोकसभा संसदीय क्षेत्र नागौर 14) आरएस ढिल्लों (आई.ए.एस.) ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित एकीकृत नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारीअरुण कुमार पुरोहित, उपजिला निर्वाचन अधिकारीचम्पालाल एवं एसडीएम मूंडवा लाखाराम साथ रहे।

निरीक्षण के दौरान ढिल्लों ने एमसीएमसी प्रकोष्ठ द्वारा चुनाव के लिए उम्मीदवारों द्वारा किये जा रहे चुनाव खर्च के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। ढिल्लों ने विज्ञापन अधिप्रमाणन, सोशल मीडिया पर उम्मीदवारों व पार्टी द्वारा किये जा रहे प्रचार व चुनाव के दौरान खर्च की जा रही राशि को संबंधित उम्मीदवार के खर्चें में शामिल करने के कार्यों का अवलोकन किया।

- सोशल मीडिया, कंट्रोल रूम, सी-विजिल एवं एमसीएमसी प्रकोष्ठ की गतिविधियों का किया अवलोकन

एम.सी.एम.सी. प्रकोष्ठ की सहप्रभारी (जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी) अजीत सिंह मातवा ने उन्हें एमसीएमसी सदस्यों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म , समाचार पत्र विज्ञापन अधिप्रमाणन जैसी विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी,जो प्रकोष्ठ द्वारा नियमित रूप से की जा रही है।

एम.सी.एम.सी. सहप्रभारी ने ढिल्लों को बताया की प्रकोष्ठ द्वारा प्रतिदिन आरओ को भी सूचना प्रेषित की जा रही है।सहप्रभारी ने जानकारी दी कि प्रकोष्ठ द्वारा विभिन्न टीवी चैनल, केबिल चैनल, एफएम चैनल पर किसी प्रकार का राजनैतिक विज्ञापन तथा चुनाव प्रचार पट्टी इत्यादि पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

सी-विजिल एप पर आने वाली ऑनलाइन शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया का किया अवलोकनः- केंद्रीय सामान्य पर्यवेक्षक (लोकसभा संसदीय क्षेत्र नागौर 14) आरएस ढिल्लों (आई.ए.एस.) ने यहां लोकसभा चुनाव को लेकर गठित आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर आने वाली शिकायत के लिए स्थापित सी-विजल कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने सी-विजल कंट्रोल रूम के प्रभारी से एफएसटी टीमों की कार्यप्रणाली और उनकी मैपिंग तथा सी-विजल पोर्टल के बारे में प्रगति रिपोर्ट सहित संपूर्ण जानकारी ली। इस दौरान आईटी प्रकोष्ठ के प्रभारी कुंभाराम रेलावत उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान एमसीएमसी में नियुक्त शिफ्ट प्रभारी, अधिकारीगण एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

39 मंडल प्रभारियों की घोषणा

भीलवाड़ा, (निसं.)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी के निर्देशानुसार एवं भीलवाड़ा लोकसभा प्रभारी हीरालाल नागर, लोकसभा सह प्रभारी गजपाल सिंह राठौड़ तथा भीलवाड़ा जिला प्रभारी रतनलाल गाडरी की सहमति से भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशान्त मेवाड़ा ने भीलवाड़ा जिले की सातों विधानसभाओं के 39 मंडल प्रभारियों की घोषणा की है।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि मांडलगढ़ विधानसभा अंतर्गत प्रेम विश्नोई, माण्डलगढ़ नगर, राकेश पत्रिया माण्डलगढ़ ग्रामीण, सत्यनारायण शर्मा (बांकरा) बिजौलिया, अनमोल पाराशर महुआ, बालूलाल आचार्य (हलेड़) नन्दराय, शाहपुरा विधानसभा में पियुष मेवाड़ा शाहपुरा नगर, भैरूलाल पाराशर शाहपुरा ग्रामीण, सुरेन्द्र सुवालका, बनेड़ा, नन्दकिशोर राजपुरोहित, फुलिया, ज्योति आशीर्वाद, रायला, मांडल विधानसभा में मधु शर्मा मांडल, नरेन्द्र सोनी, सुवाणा, भगवान कुमावत, करेड़ा, नाथूलाल गाडरी, बागोर, शिव अरोड़ा, ज्ञानगढ़ एवं जितेन्द्र शर्मा को मंगरोप मंडल में प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार भीलवाड़ा विधानसभा में विजेन्द्र सिंह राठौड़ (पोलू बना) सुभाष मंडल, भंवर सिंह गेन्दलिया, शास्त्री मंडल, किरण सिंह, गणेश मंडल, रेखा परिहार, प्रताप मंडल, सहाड़ा विधानसभा में कल्पेश चौधरी, सहाड़ा ग्रामीण, धर्मीचन्द जीनगर, गंगापुर नगर, प्रकाश कोठारी, गंगापुर ग्रामीण, भरत सिंह राठौड़, रायपुर, ऋतुशेखर शर्मा, मोखुन्दा, राजेन्द्र तिवाड़ी, कारोई, कृष्ण कुमार (किशन) पटवारी, हमीरगढ़, जहाजपुर विधानसभा में हितेन्द्र राजौरा, जहाजपुर नगर, बजरंग सिंह राणावत जहाजपुर ग्रामीण, देवेश शर्मा, शक्करगढ़, प्रभु जाट, गाडोली, मुकेश शर्मा (देबू), कोटड़ी, कैलाश सुखवाल, पारोली, आसींद विधानसभा में रामस्वरूप गुर्जर, आसीन्द नगर, रामेश्वर जाट, आसीन्द ग्रामीण, भोपाल सिंह पुरावत, ब्राह्मणों की सरेरी, कमल सिंह पुरावत, हुरड़ा, विजय पोखरना, गुलाबपुरा, शंकर जाट (हरणी), बदनौर मंडल के प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

उठावना

हमारे पूजनीय

श्री हुकुम चंद जैन

पुत्र स्व. श्री माणक चंद जी बड़जात्या का स्वर्गवास दिनांक 28 मार्च 2024 गुरुवार को हो गया है। उठावना दिनांक 30 मार्च 2024 को प्रातः 10.00 बजे छोटे धड़े की नसियां, अजमेर में रखा गया है। **शोकाकुलः** सुभाष-मीना (भाई), राकेश-सविता सोगानी सेंट्रल गर्ल्स स्कूल, कपिल-पिंकी, गौरव (SBI)-रश्मि, विपिन-नेहा, मृदुल-स्वाति, प्रीतम जी-प्रेरणा सेठी, निशित जी-यामिनी कोठारी, गौरव जी-अनुष्का तायल, सोहम जी-दर्शना पाटिल, चिराग-कनिका, पराग, हार्दिक, स्वस्ति। विवेक जी-अदिती शाह, यश जी-नवधा पाटनी, भविक-प्रेक्षा सेठी, चंद्र प्रकाश, प्रकाश, उदित एवं समस्त बड़जात्या परिवार **नोट-** ससुराल पक्ष का उठावना भी साथ ही होगा। **फर्म-** R.K.Properties, R.K. Design Studio PFC Club मो- 9828054074



सम्मन बनाम कायम मुकाम
[आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी]
(Govt. Procedure Code Appendix 'B' Form No. 2)
अज अदालत श्रीमान अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश सं. 3, अजमेर
स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया विरूद्ध भागचन्द
मुद्दइ मुदायला
दावा बाबत रुपया वसुली
मुकदमा सं. 15/2015
बनाम- भागचन्द श्रीमती सीता देवी, पिंकी, राजकुमार रानू व पिंटू(वारिसानी भागचंद)
समस्त निवासीगण- 42, नृसिंह मंदिर के पास, सदर बाजार, श्रीनगर, तहसील नसीराबाद, जिला -अजमेर
चूंकि वादी ने अदालत में तारीख 22.12.17 को एक 1 वाद बनाम 3 भागचन्द
को जो कि बाद फौत हो गया और चूंकि वादी मजकूर ने दरख्वास्त अदालत हाजा में जाहिर करके की है कि आप मुतबयफी प्रतिवादी मजकूर को कायम मुकाम जायज हो
और इल्मदुआ की है कि बजाय उसके आप 2. प्रतिवादी बनाये जाओ। जाहिर बजरिये हाजा बगर्ज जवाबदेही 1. वादी आपको तारीख . 02.04.2024 प्रातः10:30 AM को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिये तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसला किया जायेगा। बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 22.03.2024 को जारी किया गया।
मुहर
अज अदालत बनाम अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश सं. 3, अजमेर

संजीव वर्मा को भाजपा जिला प्रभारी अजमेर देहात नियुक्त किया

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष चंपालाल गेदर ने भाजपा राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष सी पी जोशी के निर्देशानुसार ओबीसी मोर्चा के जिला प्रभारियों की सूची जारी की जिसमें संजीव वर्मा को ओबीसी मोर्चा जिला प्रभारी अजमेर देहात की नवीन जिम्मेदारी प्रदान की गयी। संजीव वर्मा भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता हैं, जिला और प्रदेश मॉनिटरिंग समिति के भी सदस्य भी हैं और संघटन के कार्यक्रमों मे पार्टी के द्वारा जो भी दायित्व दिया जाता है उसको भी वो पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पूरा करते हैं 2023 के विधानसभा चुनावों मे भी संजीव जी ने अपनी सांगानेर विधानसभा मे बढ़ छड़ कर भागीदारी निभाई उन्होंने बताया की ये मेरा सौभाग्य है की मै उस विधासभा से आता हूँ जिस से राजस्थान के मुख्यमंत्री आते हैं और मुझे गर्व है कि मैं ऐसी पार्टी से जुड़ा हुआ हूँ जो एक कार्यकर्ताओं की पार्टी है और अंतिम पंक्ति मे बैठा हुए व्यक्ति को और पहली बार के विधायक को भी मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है।

चौधरी का टिकट बदलने की अटकलों के बीच नामांकन भरने की है तैयारी

अजमेर, (कासं)। अजमेर लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार रामचंद्र चौधरी के टिकट बदलने की अटकलों के बीच उनके द्वारा शुक्रवार को जोर शोर से जुलूस के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने की तैयारी है। इस जुलूस में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट सहित अन्य कांग्रेस नेताओं के आने की संभावना है। रामचंद्र चौधरी ने स्वयं मीडिया से कहा कि उनका टिकट कटने वाला नहीं है। यह झूठ और भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने अपने जीत के आधार को गिनाया और पार्टी के जताए विश्वास पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सही है कि वर्तमान में कांग्रेस मुश्किल के दौर में है किन्तु यही वह समय है जब कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं से कर्ज चुकता करने की इच्छा रखती है। उन्होंने कहा कि पूर तन मन धन से पार्टी के काम में लगेंगे तो अजमेर से कांग्रेस की जीत पक्की है।

बीजेपी सरकार की सभी गारंटी फेलः- चौधरी ने कहा कि चुनाव में सुनने को मिलता है कि 'मोदी का चेहरा, मोदी की गारंटी'. लेकिन मोदी 10 वर्ष पूर्व देश की जनता को दी गई पहली गारंटी भी पूरी नहीं कर पाए थे। देश की सत्ता में आने के बाद मोदी ने महिलाओं के खाते बैंकों में खुलवाए। सत्ता में आने से पहले देश की जनता से मोदी ने काला धन लाने और सभी देशवासियों के खाते में 15 लाख रुपए जमा करवाने के लिए कहा था। 2 करोड़ बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। यह गारंटिया पूरी नहीं हुई। तीसरी गारंटी महंगाई कम करने और अच्छे दिन दिखाने की थी। देश से ना तो महंगाई कम हुई और ना ही देश की जनता के अच्छे दिन आए।

कांग्रेस के राहुल गांधी बनेंगे प्रधानमंत्री :- देश आर्थिक संकट से जूझ रहा है और केंद्र की बीजेपी सरकार परिस्थितियों को छुपा रही है। देश में कांग्रेस का प्रधानमंत्री बना, तो बीजेपी के जुमलेबाज नेता चप्पल-जूते खोल भाग छुपेंगे। चौधरी ने यह भी कहा कि बीजेपी को रामजी का श्राप लग गया है। देश में बीजेपी को 200 से भी कम सीटें मिलेगी। चौधरी ने दावा किया कि, कांग्रेस देश में सरकार बनाएगी और पीएम राहुल गांधी होंगे। हालत ऐसी है कि राजस्थान में बीजेपी के पास उम्मीदवार तक नहीं थे जो कांग्रेस से ढूंढ-ढूंढ कर ले जा रहे हैं। नागौर में ही देख लीजिए विगत चुनाव में ज्योति मिर्धा ने कांग्रेस से चुनाव लड़ा था और हनुमान बेनीवाल ने सामने चुनाव लड़ा था। अब की बार ज्योति मिर्धा बीजेपी से चुनाव लड़ रही हैं और हनुमान बेनीवाल फिर से घोटा लेकर सामने खड़े हो गए हैं। यह प्रजातंत्र का मजाक नहीं है, तो क्या है।

बताए अपने इरादेः- बैठक के बाद रामचंद्र चौधरी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि अजमेर कोटा रेल लाइन, नसीराबाद देवली हाईवे, हर घर में जल पहुंचाने के साथ ही बीसलपुर में चंबल का पानी लाने का प्रयास करेंगे. 1993 में तत्कालीन पीएम नरसिम्हा राव ने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाने की घोषणा की थी। उस घोषणा को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। डेयरी क्षेत्र में अजमेर को डेनमार्क बनाएंगे।

पहले नेता तो एक हो जाएः- गीले-शिकवे भी बाहर आ गए। डीसीसी की पूर्व पदाधिकारी प्रमिला कौशिक ने तो इतना तक कह दिया कि मंच पर बैठे नेता पहले एक तो हों। ये एक होते, तो शहर की दोनों सीटों पर हार का सामना नहीं करना पड़ता। विगत लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रिजु झुनझुनवाला ने पैसा खर्च किया। बदले में उसे क्या मिला? स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने उसे भी हराकर यहां से जाने के लिए मजबूर कर दिया।

नामांकन के लिए नहीं निकलवाया मुहूतः- प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी ने कहा कि 29 मार्च को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा समेत बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ मिलकर वह अपना नामांकन दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा कि नामांकन के लिए किसी ब्राह्मण से उन्होंने कोई मुहूर्त नहीं निकलवाया। पहले मुहूर्त निकाल कर नामांकन भरे थे चार बार सफल नहीं हुआ।

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.04.2024 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुनः सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
अजमेर, रामगंज अजमेर,
111700730032091,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

लोकसभा आम चुनाव 2024 समीक्षा बैठक

केंद्रीय सामान्य पर्यवेक्षक ढिल्लों ने ली एआरओ एवं प्रकोष्ठों प्रभारियों की बैठक

नागौर, (निसं.)। केन्द्रीय सामान्य पर्यवेक्षक आरएस ढिल्लों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा की। चुनाव से जुड़े प्रकोष्ठ प्रभारियों एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की बैठक लेते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने, मॉडल मतदान केंद्र की संख्या में इजाफा, इलेक्ट्रोल रोल,एपिक कार्ड, यातायात व कम्युनिकेशन प्लान,आदर्श आचार संहिता, आईटी एप्लीकेशन आदि को प्राथमिकता से कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में चुनाव से जुड़े समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारीगण , प्रकोष्ठों के प्रभारीगण एवं निर्वाचन शाखा के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी चम्पालाल ने जिले के पोलिंग स्टेशनो व उनकी लोकेशन की जानकारी दी। साथ ही एएमएफ/ईएमएफ की भी जानकारी देते हुए बताया कि जिले में वोटर की स्थिति के अनुसार प्रत्येक मतदान केंद्र पर बिजली व पानी की व्यवस्था सुचारू की जा रही है। गर्मी मौसम को देखते हुए मतदान केंद्रों पर टेंट भी लगाए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि स्वीप गतिविधियों का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है। वहीं जिले में कुछ बूथ महिला व कुछ दिव्यांगों के लिए निर्धारित किए गए हैं। इस दौरान उन्होंने बताया कि जिले में 2552 में से 50 बूथों पर वेबकास्टिंग होगी। इस दौरान उन्होंने ईवीएम व वीवीपेट की उपलब्धता, मैन पावर मैनेजमेंट व पोस्टल बेलैट वाले कार्मिकों के मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी।

बैठक में केंद्रीय सामान्य पर्यवेक्षक ढिल्लों ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी से व्हीकल मैनेजमेंट की जानकारी ली। जिस पर उन्होंने बताया कि चुनाव में आवश्यकता अनुसार सभी वाहन उपलब्ध है। इसके साथ ही पोलिंग पार्टी का रूट चार्ट भी तैयार करके चेक पोस्ट भी स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रथम प्रशिक्षण पूर्ण हो गया तथा द्वितीय प्रशिक्षण 7, 8, 9 व 10 अप्रैल को होगा। उन्होंने बताया कि सभी 8 विधानसभा क्षेत्र के लिए स्कूल, कॉलेज चयनित किए गए है। इस दौरानढिल्लों ने जिला पुलिस अधीक्षकनारायण टोगस से जिले में फ्लाइंग स्क्वायड, एसएसटी की कार्रवाई डीएलबीसी, बैंकर्स की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने काउंटिंग व्यवस्था के बारे में जानकारी ली।इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार पुरोहित ने बताया कि ईवीएम के लिए स्ट्रांग रूम की व्यवस्था की गई है। जहां ईवीएम स्थापित की गई है, वहां पूर्ण निगरानी रखी जा रही है।

बैठक ढिल्लों ने जिले में आईटी एप्लीकेशन व नेटवर्क दुरस्त रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी एआरओ को अपने-अपने क्षेत्र में मतदान केंद्र की स्थिति व मॉडल बूथ बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी ग्रुप बनाकर मॉनिटरिंग करें। साथ ही प्रत्येक मतदान केंद्र पर वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास करे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक बूथ पर पानी की उचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चिकित्सा विभाग द्वारा मतदान केंद्रों ओआर एस सहित विभिन्न चिकित्सा सेवाएं दुरुस्त रखी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने ट्रांसपोर्ट रूट की भी जानकारी ली।

आमजन को किया जागरूक

भीलवाड़ा, (निसं.)। राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा द्वारा रोडवेज बस स्टैंड पर आज प्रातः सर्व समाज के लिए तीसरा शिविर लगाकर हृदय घात के बचाव के लिए आमजन को जागरूक किया जिसके तहत निशुल्क महेश आरोग्य किट वितरण किए गए रोडवेज बस स्टैंड के मुख्य द्वार पर पर आने जाने वाले हर यात्री को हृदय घात से बचाव के लिए जागरुक कर निशुल्क किट वितरण किया गया

देवेंद्र सोमानी एवं कार्यक्रम प्रभारी महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चेचानी रोडवेज प्रबंधक हेमराज मीणा ,पूर्व प्रबंधक ओमप्रकाश चेचानी ,रंग लाल मीणा, कृष्ण गोपाल जागेटिया,ओमप्रकाश गट्टयाणी ने भगवान महेश के द्वीप प्रज्वलन कर महेश आरोग्य किट का वितरण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष चेचानी ने कहा कि महेश आरोग्य किट की सभी को विस्तृत जानकारी देकर गांव में जाने वाले यात्रियों में जागरूकता फैलाई गई।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप
आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की चन्द्रवरदाई नगर योजना के आवासीय गंगवानी भूखण्ड संख्या A-282 क्षेत्रफल 61.80 वर्ग गज के आवंटी/अन्तरिति महेश कुमार श्री पुत्र श्रीचन्द धर्मदास गंगवानी निवासी A-282 चन्द्रवरदाई नगर अजमेर की मृत्यु दिनांक 15/12/2021 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट संलग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः (1) सुमित गंगवानी पुत्र स्व. महेश कुमार गंगवानी (2) सुश्री किरण गंगवानी पुत्री स्व. महेश कुमार गंगवानी निवासी A-282 चन्द्रवरदाई नगर अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्रीमती रेखा गंगवानी पत्नि महेश कुमार गंगवानी निवासी A-282 चन्द्रवरदाई नगर अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 19/3/24 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन पुष्कर
अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
क्रमांकः LU2012/ADA/2023-24/101137 दिनांक 27/03/2024
लोक सूचना
श्री GHEVAR RAM पुत्र श्री RAMKARAN जाति MEGHWAL निवासी MEGHWALO KA MOHALLA, THATA TEHSIL, DEGANA, NAGAUR श्री PANCHU पुत्र श्री BHOMA जाति MEGHWAL निवासी BHAMBHIO KA MOHALLA, KANAS, PUSHKAR इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का पर्यटन इकाई प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	देवनगर, पुष्कर (अजमेर)	GHEVAR RAM, PANCHU	2376/3153	15930	1.593
				कुल	1.593

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकान पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 27/03/2024 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी, जोन पुष्कर अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर
न.नि.अ/भवन/23-24 /1368 दिनांकः 27/03/2024
आपत्ति सूचना
श्रीमती वर्षा बदलानी पत्नी श्री खुशीराम निवारी प्लाट नं. 111-डी सतगुरू कॉलोनी अजयनगर अजमेर द्वारा एक दुकान नं. 44 जो भूखण्ड संख्या 5 के भाग पर निर्मित है जो वाके शांतिपुरा माकडवाली रोड, अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 14.83 वर्गमीटर है भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानसार हैं।
पूर्व - निवास सम्पति श्री गिरधर की पश्चिम - 08 फुट चौड़ी चबूतरी तत्पश्चात् मुख्य रास्ता आम
उत्तर - दुकान मैसस शिव सब्जी भण्डार दक्षिण - दुकान मैसर्स शीतल रेफ्रीजरेशन एण्ड इलैक्ट्रीकल्स
अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर